कार्यालय प्राचार्य

स्व.बिन्देश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

**Email. Id - govtcollegekumhari@gmail.com, website- http//:gnckumhari.in/**

---

## प्रतिवेदन

विषय - नागरिकता एवं मौलिक अधिकार : छात्रों की संवैधानिक चेतना का आधार

स्थान - स्व.बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी जिला - दुर्ग

स्व. बिन्देश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी के राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा "*नागरिकता एवं मौलिक अधिकार* : छात्रों की संवैधानिक चेतना का आधार विषय पर एक सारगर्भित व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर **डॉ. समीक्षा चंद्राकर**, सहायक प्राध्यापक, राजीव लोचन पी.जी. कॉलेज, राजिम, जिला गरियाबंद, मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही। **डॉ. समीक्षा चंद्राकर** ने अत्यंत सहज एवं सरल शब्दों मे छात्रों को नागरिकता की भावना को समझने तथा एक जागरूक नागरिक के रूप मे अपने जीवन लक्ष्यों की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नागरिकता और मौलिक अधिकारों के पारस्परिक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए राजनीतिक भागीदारी को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, उन्होंने यह बताया कि एक मजबूत एवं स्वच्छ लोकतंत्र के निर्माण मे युवा मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को अपने मौलिक अधिकारों के प्रति सजग रहने और संवैधानिक मूल्यों के पालन की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य **डॉ. (श्रीमती) सोनिता सत्संगी** ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन मे उन्होंने कहा कि "मतदान केवल एक राजनीतिक अधिकार नही, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने छात्रों को प्रलोभन मे आकर नही बल्कि निष्पक्ष रूप से मतदान करने की सलाह दी। साथ ही, युवा वर्ग को मतदाता सूची मे अपना नाम दर्ज कराने एवं सक्रिय रूप से लोकतांत्रिक प्रक्रिया मे भाग लेने हेतु प्रेरित किया। अंत मे, उन्होंने उपस्थित सभी छात्रों को मतदान की शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमृता पाठक, सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र विभाग द्वारा किया गया। अंत मे कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु मुख्य वक्ता ,प्राचार्य एवं सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन **श्रीमती मालती पैकरा**, सहायक प्राध्यापक, राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा किया गया।

यह व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ।

श्रीमती मालती पैकरा

सहायक प्राध्यापक [राजनीति शास्त्र ]

Principal
Late Bindeshwari Bagh~'
Govt. College, Kumhari (Durg.